## खबर संक्षेप

### बाइक सवार युवक ने महिला से झपटा पर्स

**यमुनानगर।** जगाधरी के सेक्टर-17 स्थित शनि मंदिर के पास बाइक सवार एक युवक ने महिला के हाथ से पर्स झपट लिया। पर्स में 21 हजार रुपये व मोबाइल था। महिला अपने बेटे के साथ एक्टिवा पर घर लौट रही थी। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी सेक्टर-17 निवासी सतिंद्र कौर ने बताया कि वह शाम को अपने बेटे हरगीत भाटिया के साथ एक्टिवा पर किसी काम से गई थी। रात को पौने नौ बजे जब वह एक्टिवा पर वापस घर लौट रहे थे तो शनि मंदिर के पास एक बाइक चालक युवक आया। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपी युवक ने चलती एक्टिवा से उसके हाथ से पर्स झपटा व बाइक पर गाबा अस्पताल की तरफ भाग गया। उसके लड़के ने आरोपी को पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गया। उसने बताया कि उसके पर्स में 21 हजार रुपये व मोबाइल था।

### रविदास मंदिर के दानपात्र तोड़कर चुराई दानराशि

**यमुनानगर।** गांव दौलतपुर स्थित गुरू रविदास मंदिर के दानपात्र तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये की दानराशि चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव दौलतपुर निवासी बिंदर ने बताया कि उनके गांव में गुरू रविदास मंदिर बना हुआ है। 15 जून को देर शाम श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर बंद करके अपने घर चले गए थे। सुबह जब श्रद्धालु पूजा करने के लिए मंदिर में आए तो उन्होंने मंदिर का दानपात्र टूटा मिला। जांच करने पर दानपात्र से 25 हजार की राशि गायब मिली।

### घर में घुसकर युवक ने युवती के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** रादौर की एक कॉलोनी में युवक ने रात को एक घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ की। युवती के शोर मचाने पर आरोपी युवक मौके से भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर की एक कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय युवती ने बताया कि रात को वह खाना खाकर परिवार के साथ घर पर सो गई थी। इसी दौरान रात 11 बजे पड़ोसी कुलदीप उनके घर में घुसा व उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। आंख खुलने पर उसके शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। परिजनों ने उसका पीछा किया, लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा।

### नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# बरसाती पानी की निकासी के कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः पिलानी

पानी निकासी के नालों में उगी घास व कूड़ा कचरा साफ करने के दिए निर्देश लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित निगम अधिकारियों की बैठक में सफाई के कार्यों को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।



यमुनानगर। बिजली निगम कार्यालय रादौर में उगी जंगली झाड़ियां।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

नगर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ट्विन सिटी में बरसाती पानी की निकासी को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में निगमायुक्त अखिल पिलानी ने अधिकारियों को बरसाती पानी की निकासी को लेकर किए जा रहे कार्यों में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

निगमायुक्त ने बैठक में ट्विन सिटी में बरसाती पानी की निकासी के लिए किए जा रहे कार्यों की नक्शा व ड्रोन से बनाई वीडियो देख गंदगी वाले स्थानों की तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। वीडियो में नालों में जहां गंदगी, घास फूंस, पौधे व गाद दिखाई दी। उसे तुरंत साफ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि नालों की सफाई में गंभीरता लाए। नालों में अभी भी जहां गंदगी है उसे तुरंत साफ कराएं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाती पानी की निकासी को लेकर किए जा रहे कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान बैठक में ड्रोन से बनाई वीडियो में सबसे पहले जगाधरी जोन के प्रकाश चौक से गौरी शंकर मंदिर तक, गौरी शंकर मंदिर से सेंट थॉमस स्कूल, एचडीएफसी बैंक, बस स्टैंड जगाधरी, स्ट्रीट वेंडिंग जोन, गायत्री शक्ति पीठ, जगाधरी सेक्टर 17 से होते हुए श्मशान घाट, निर्माणाधीन ओपन एयर थियेटर, स्वामी विवेकानंद स्कूल वाली पुलिया, जिमखाना क्लब से प्रोफेसर कॉलोनी से होते हुए मॉडल टाउन, जब्बी वाला गुरुद्वारा, सरोजनी कॉलोनी व टैगोर गार्डन तक नालों का जायजा लिया। इस दौरान जगाधरी के दूसरे नाले पुलिस चौकी बूड़िया गेट, हनुमान गेट, तेजली गेट, मेट्रो गेट, ढोल वाली पुलिया व मोहन नगर से बड़े नाले तक का सफाई कार्य का जायजा लिया।

इसके बाद ड्रोन से बनाई वीडियो में यमुनानगर जोन के लाजपत नगर, विजय नगर कॉलोनी से होते हुए विश्वकर्मा चौक तक, कैंप, पुराना हमीदा, जोडियो, स्टार्च मिल, शुगर मिल गन्ना यार्ड से डिच ड्रेन व अन्य स्थानों का जायजा लिया। वीडियो के माध्यम से नालों में जहां जहां गंदगी नजर आई निगमायुक्त ने अधिकारियों को वहां का जायजा लेकर तुरंत सफाई के निर्देश दिए।

#### मानसून आने से पहले पानी निकासी के करें पुख्ता इंतजाम

निगमायुक्त अखिल पिलानी ने बैठक में अधिकारियों को मानसून से पहले पानी निकासी के सभी इंतजाम पूरे किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की गहराई तक सफाई कराएं। ताकि शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। आमजन से भी उन्होंने अपील की कि नालों में पॉलिथीन व ठोस कचरा न डालें। इससे पानी निकासी में बाधा होती है। मौके पर नगर निगम एक्सईएन विकास धीमान, सीएसआई अनिल नैन, सीएसआई हरजीत सिंह, सीएसआई विनोद कुमार व बीआई नरेश दहिया आदि मौजूद रहे।

#### सफाई व्यवस्था चरमराई, कार्यालय में उगीं झाड़ियां

■ आमजन के लिए परेशानी बनी जंगली झाड़ियां।

**रादौर।** बिजली निगम कार्यालय रादौर में सफाई व्यवस्था राम भरोसे चल रही है। कार्यालय में उगी जंगली झाड़ियां सफाई व्यवस्था की सरेआम पोल खोल रही है। बिजली निगम कार्यालय में हजारों लोग बिल भरने के लिए हर रोज आते हैं। लेकिन वे लोग पिछली खिड़की पर बिल भरते हैं। लेकिन पिछली खिड़की व कार्यालय परिसर में बड़ी-बड़ी जंगली घास उगी हुई है। क्षेत्र के रमेश कुमार, सुखदेव, सुमित, पोलाराम, जगदीश, कुश कुमार आदि ने बताया कि बिजली निगम कार्यालय में वह बिल भरने के लिए आए थे। बिजली निगम कार्यालय में बड़ी-बड़ी जंगली घास उगी हुई है। कार्यालय परिसर में मंदिर निर्माणाधीन है, जिसके आसपास जंगली झाड़ियां उग चुकी हैं। लेकिन अधिकारी व कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे निगम कार्यालय में गंदगी का बसेरा बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने मांग की कि कार्यालय में उचित सफाई व्यवस्था करवाई जाए।



## योग अपनाने से ही हम सभी का सर्वोत्तम स्वास्थ्य संभवः गुप्ता

■ गुरु गोबिंद कॉलेज में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य योग विषय पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज आफ फार्मेसी यमुनानगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य योग विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्यातिथि के रुप में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने भाग लिया। मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया मौजूद रही। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुमार गौरव व अन्य ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया।

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने कहा कि हम सबके लिये योग बहुत जरूरी है। जिससे सर्वोत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त करने में सहायता मिलती है। सर्वोत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए योग करना बेहद जरुरी है। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि सरकार के द्वारा 11 वां अंतर्राष्टीय योग दिवस 21 जून धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का नारा दिया है। जिससे कि युवाओं को योग के प्रति प्रेरित करके नशे से दूर रहने के लिए आह्वान किया है। मौके पर डॉ. मनोज कुमार ने युवाओं को योग को अपने जीवन के साथ जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि निरंतर योग करने से हम काफी हद तक स्वस्थ रहेंगें। भारत में योग परम्परा चिरकाल से चली आ रही है। योग मनुष्य को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने दर्शनशास्त्र के नौ दर्शन बौद्ध, जैन, चार्वाक, षट दर्शन, न्याय वैशेषिक, सांख्य योग व मीमांसा वेदांत पर अपने विचार प्रक्ट किए। जिला योग समन्वयक डॉ. सुनील कुमार ने सभी को योग करने की शपथ दिलाई। आर्ट ऑफ लिविंग के राजेश गर्ग ने योग के द्वारा स्वयं को पहचानने के लिए प्रेरित किया। हेल्पिंग हैंड ग्रुप के डॉ. नरेन्द्र साही ने प्राणायाम के महत्व को बताया। ब्रह्माकुमारी से रमेश दीदी ने ध्यान के महत्व को समझाया। जबकि भारतीय योग संस्थान से राजीव मित्तल ने जोड़ों की समस्याओं में योग की भूमिका, हार्टफुलनेस से सुधीर चड्ढा ने ध्यान विषय पर प्रकाश डाला।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावना चौधरी, डॉ. मधु शर्मा, डॉ.विनय सिंह, डॉ.अरूनधती शर्मा, डॉ. सृष्टि कालड़ा, डॉ. वनिता नागर, आयुष योग सहायक दीपक बड़ौला व होम्योपैथिक फार्मासिस्ट विनय आदि मौजूद रहे।

## व्यक्ति से एक करोड़ ठगे, 6 पर केस

■ सामान खरीद में पैसे की कमी का बनाया बहाना, बदले सवा करोड़ देने का दिया लालच।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर




सामान खरदीने में पैसे की कमी का बहाना बनाकर छह लोगों ने एक व्यक्ति से एक करोड़ रुपये लेकर हड़प लिए। आरोपियों ने पीड़ति को एक करोड़ का सवा करोड़ लौटाने का लालच भी दिया। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

पुलिस सूत्रों ने बताया कि लिया। भीड़ माजरा निवासी प्रताप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पवन नामक व्यक्ति साथ जान पहचान थी। इस जान पहचान के कारण उसका पवन के साथ मिलना जुलना होता रहता था। कुछ दिन पहले आरोपी पवन अपने एक अन्य साथी बिजेंद्र के साथ उसे मिलने के लिए पहुंच गया। उन्होंने उसके फोन से कॉल करके अपने एक अन्य साथी सोनी पाल को भी बुला लिया। तीनों आरोपी उसे बहला फुसला कर अपने साथ एक अन्य व्यक्ति सोनू के पास ले गए। आरोप है कि आरोपी पवन, बिजेंद्र, सोनीपाल व सोनू ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे बताया कि वह कोई सामान खरीदना चाहते हैं। जिसमें एक करोड़ रुपये की कमी है। इसलिए वह यदि उन्हें एक करोड़ रुपये दे देता है तो वह उसे कुछ दिन बाद सवा करोड़ रुपये लौटा देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गया और उसने उन्हें एक करोड़ रुपये दे दिए। आरोप है कि वादे के मुताबिक आरोपियों ने उसके पैसे नहीं लौटाए। उसने जब आरोपियों से पैसे वापस दिए जाने की मांग की तो उन्होंने पैसे लौटाने से साफ मना कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने पवन, बिजेंद्र, सोनू व सोनीपाल समेत छह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

## योग जीवन में लाता है सकारात्मक परिवर्तन

■ आयुष विभाग ने जगाधरी मंडी मे लगाया प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिला आयुष विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से मंगलवार को जगाधरी अनाज मंडी में को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों व अन्य लाभार्थियों ने भाग लिया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में जिला परिषद सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने भाग लिया। वह साइकिल पर सवार होकर योग शिविर तक पहुंचे।

जिप सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने कहा कि जीवन में साकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए योग को अपनाएं। उन्होंने शिविर में मौजूद महिला शक्ति को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने में सहयोग दिए जाने के लिए आहवान किया। सीडीपीओ तरविंदर कौर ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के दृष्टिगत अनाज मंडी जगाधरी में आयुष विभाग की ओर से योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में महिला एवं बाल विकास की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजर, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों और लाभार्थियों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षकों और सहायकों ने योगाभ्यास के साथ ही इनके लाभ भी सभी को बताए।

आयुष विभाग से योग प्रशिक्षक डॉ. शिव कुमार सैनी ने सभी को योग आसन करवाए और उनके लाभ भी बताए। योग प्रशिक्षक डॉ. शिव कुमार ने बताया कि नियमित योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग का अर्थ है जोड़। यह आपके जीवन में संतुलन बनाए रखता है। जीवनशैली विकारों को रोकने और तनाव प्रबंधन में योग अभ्यास के महत्व पर जोर दिया जाएगा। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन में भी सहायक है। उन्होंने सभी से नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया। इस मौके पर परियोजना अधिकारी कुसुम लता, किरण, जसविंदर कौर, चंद्रलेखा, जिला योग कोर्डिनेटर डॉ.सुनील कांबोज, योग सहायक दीपक बडोला, अयोध्या प्रीती विश्वास, सुनीता देवी व हरप्रीत कौर मौजूद रहे।

## कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को मिले जॉब की सुरक्षा गारंटीः रावल



**यमुनानगर।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 (संबंधित संबंधित संयुक्त कर्मचारी संघ ) के सदस्यों ने मंगलवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा समेत जिले की चारों विधानसभाओं के विधायकों को 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। उन्होंने विधायकों को सौंपे मांग पत्र में उनकी मांगे पूरी करवाए जाने की मांग की।

मंगलवार सुबह दर्जनों सदस्य जिला प्रधान श्याम सिंह रावल के नेतृत्व में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा के कार्यालय में पहुंचे। विधायक को अपना 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिला प्रधान श्याम सिंह रावल ने कहा कि सरकार ने कौशल रोजगार के कर्मचारियों को जॉब की सुरक्षा गारंटी दिए जाने का वादा किया था। मगर आज भी कौशल विभाग के कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी की गारंटी नहीं मिलने की समस्या बनी हुई है। उच्चाधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा कर्मचारी भुगत रहे हैं। 20 जून को करनाल के करण पार्क में यूनियन की प्रदेशस्तरीय बैठक होगी।

## मोदी ने बढ़ाया देश का मान-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

भाजपा जिलाा जगाधरी के सेक्टर 17 स्थित पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को समर्पित प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम हुआ। पूर्व मंत्री कंवरपाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने अपने शौर्य का पूरे विश्व में लोहा मनवाया है। पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करके भारतीय सेना ने जो परचम लहराया है। उसकी पूरे विश्व में सराहना हो रही है। मोदी ने अपने कार्यकाल के 11 वर्षों में भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी युग भारत के वैश्विक नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का युग है। 1500 अप्रचलित कानूनों को समाप्त कर बिजनेस को आसान बनाया गया। 3.96 लाख किमी ग्रामीण सड़कों का निर्माण, एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल लाइन, 140 नए हवाई अड्डे, 136 वंदे भारत ट्रेनें और विश्वस्तरीय रेलवे व इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं भारत को तेजी से बदल रही हैं। मोदी के नेतृत्व में देश में शुरू की गई अनेको योजनाओं का भी उल्लेख किया।

**ये रहे मौजूदः** मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, महामंत्री कृष्ण सिंगला, पूर्व मेयर मदन चौहान,पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, पूर्व चेयरमैन रामेश्वर चौहान, पूर्व चेयरमैन ऋषिपाल सैनी, पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी व मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

## मंत्री पुत्र ने सुबह की सैर कार्यक्रम के तहत सुनी लोगों की समस्याएं



**रादौर।** कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने मंगलवार को सुबह की सैर कार्यक्रम के तहत वार्ड नंबर दो के लोगों की समस्याएं सुनी। नेपाल राणा ने छिंबी मोहल्ला, धोबी मोहल्ला, कच्चा घाट, औड कॉलोनी का भ्रमण कर जन समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। वार्ड नंबर दो के पार्षद राजीव आर्य सन्नी ने फूलमालाएं पहनाकर नेपाल राणा को सम्मानित किया। वहीं राजीव आर्य ने नेपाल राणा को वार्ड नंबर दो में सभी समस्याओं से अवगत करवाया। जिस पर नेपाल राणा ने जल्द से जल्द वार्ड की सभी समस्याओं को खत्म करने का आश्वासन दिया। नेपाल राणा ने ओढ कॉलोनी को रजिस्टर कराने, कॉलोनी को सुंदर बनाने के लिए कॉलोनी की सभी गलियों और नालियों को नए सिरे से बनाने, कॉलोनी में घरों के ऊपर से 11 के वी की तारों को हटाने, पुल पर घर व दुकानों के लिए एक पानी का पाइप बिछाने बारे, कॉलोनी में धर्मशाला का अधूरा काम पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

## एनसीसी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर





**कैडेट्स को बताया देशभक्ति का महत्व :** कर्नल जरनैल सिंह ने कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति का महत्व बताया। कैडेट्स को शिविर में आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर कैडेट्स को ड्रिल, हथियार संचालन, मानचित्र अध्ययन, नेतृत्व विकास और सामाजिक सेवा का गहन प्रशिक्षण देने लिए आयोजित किया गया है। ताकि कैडेट्स में एकता और अनुशासन की भावना विकसित हो सके।

जगाधरी के विद्या मंदिर में 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी यमुनानगर के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर कमांडिंग आफिसर कर्नल जरनैल सिंह, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल जितेंद्र सिंह की देखरेख में शुरु किया गया।

डीसी ने एनसीसी कैडेट्स को समझाया कि एनसीसी की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका है। उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी के पूर्व एल्युमिनाई के बारे में जानकारी दी और उन्हें कई महत्वपूर्ण बातों के बारे में बताया। उन्होंने पूर्व में एनसीसी कैडेट रहे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, प्रसिद्ध खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व सैन्य अधिकारी विपिन रावत, पूर्व आईपीएस किरण बेदी, अभिनेता शारुखान आदि का उदाहरण दिया। उपायुक्त ने बताया कि एनसीसी के साथ साथ हम किसी भी क्षेत्र में अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी को एनसीसी के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। खालसा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व एसोसिएट एनसीसी अधिकारी डॉ. हरिंदर सिंह कंग, डॉ. सीमा, कैप्टन निर्मल सैनी व कैप्टन अनिल कुमार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेजर ममता ओबरॉय, उमेश प्रताप सिंह, गुरविंदर सिंह व पुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

### रादौर में श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा चल रही है श्रीराम कथा

# श्रीराम कथा में सुनाई नारद जी की कथा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से शहर के कॉलेज रोड पर स्थित श्री बालाजी मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा मंगलवार को भी जारी रही। कथा के चौथे दिन कथावाचक राम सुमिरन दास महाराज ने नारद जी के घमंड की कथा सुनाई।

राम सुमिरन दास महाराज ने कहा कि एक बार ऋषि नारद जी ने घोर तपस्या की और उन्हें घमंड हो गया कि उन्होंने विषय विकारों पर विजय प्राप्त कर ली है। तपस्या पूरी करने के बाद वह अपने पिता भगवान ब्रह्मा से मिलने गए और उन्हें अपने उसी विश्वास से अवगत कराया। भगवान ब्रह्मा ने नारद जी से भगवान विष्णु से इस बारे में चर्चा नहीं करने के लिए आग्रह किया। चूँकि नारद मुनि अति आत्मविश्वास और उत्साह में थे इसलिए उन्होंने अपने पिता द्वारा दी गई चेतावनी के बावजूद विष्णु जी के साथ वह बात सांझा करने की सोची अर्थात पिता की बात नहीं मानी। नारद मुनि विष्णु जी से मिलने गए और शेखी बखारने लगे कि उन्होंने वासना पर विजय प्राप्त कर ली है और वे आजीवन तपस्वी का जीवन व्यतीत करेंगे। नारद मुनि के अभिमान और गलतफहमी को दूर करने के लिए विष्णु जी ने एक मायावी दुनिया रची जहाँ पर एक सुंदर राजकुमारी का स्वयंवर आयोजित किया गया था। दूर-दूर के प्रसिद्ध शासक राजकुमारी से विवाह करने आए थे। ऐसा भव्य उत्सव और तैयारियों को देखकर नारद मुनी राजकुमारी से विवाह करने के लिए उत्साहित हो गए। भगवान विष्णु का रूप मनमोहक है। नारद जी ने विष्णु जी को याद किया और उनसे उनका हरि रूप उन्हें प्रदान करने के लिए इच्छा जाहिर की। संस्कृत में हरि का अर्थ बंदर होता है।

भगवान विष्णु ने चतुराई से तथास्तु कहकर सहमति दी और नारद जी का चेहरा वानर की तरह परिवर्तित हो गया, जिससे नारद जी अंजान थे। स्वयंवर का समय आ गया और राजकुमारी ने शाही दरबार में प्रवेश किया। नारद जी कतार में खड़े थे और राजकुमारी की प्रतीक्षा कर रहे थे कि वह उन्हें माला पहनाए। वह पास आई और ऋषि नारद को देख कर भी अनदेखा कर आगे की ओर चली गई। नारद मुनि चौंक गए कि राजकुमारी ने उनकी उपेक्षा क्यों की। दूसरा मौका देते हुए नारद मुनि एक बार फिर से पंक्ति में आगे बढ़े, जहां राजकुमारी को अगले पल पहुँचना था। दूसरी बार भी राजकुमारी ने नारद जी को नजरअंदाज कर दिया। तब उनके पास खड़े किसी व्यक्ति ने नारद जी के बंदर रूप का मजाक उड़ाया जिससे नारद मुनि नाराज हो गए। तब उग्र नारद मुनि ने भगवान विष्णु को श्राप दिया, तुम अपनी पत्नी के वियोग में एक पूरा मानव जीवन व्यतीत करोगे और मेरी ही भांति वियोग का दर्द झेलोगे और बंदर जैसे मुख वाले प्राणी तुम्हारी मदद करेंगे।

इस अवसर पर समिति के प्रधान विनोद राणा, बब्लू, प्रवीण, अनिल, प्रियकांत जोगी व श्रीराम गर्ग आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### पोष एक्ट के बारे में विस्तार से दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा एडीआर सैंटर में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पोष अधिनियम) विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसके तहत रिसोर्स पर्सन सरोज सैनी द्वारा सभी को पोष एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वर्कशॉप में पुलिस विभाग, उपायुक्त ऑफिस, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि विभागों की महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।

### महादेव पार्क के बाहर नपा कर्मियों ने की सफाई



**शाहबाद।** नगर के हुड्डा पार्ट 1 स्थित महादेव पार्क के बाहर लगे कूड़े के ढेर नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा उठा लिए गए हैं। सेनेटरी अफसर नरेंद्र सिंह ने बताया कि शहर में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत नगर के हर हिस्से में सफाई कर्मचारी पहुंच रहे हैं। ज्ञात रहे मंगलवार को महादेव पार्क के बाहर लगे कूड़े के ढेर का समाचार प्रकाशित किया गया था।

### महादेव पार्क में लोगों ने किया योगाभ्यास



**शाहबाद।** महादेव पार्क में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र की तैयारी हेतु पतंजलि योग पीठ से बाबा रामदेव के शिष्य योगाचार्य जयपाल शास्त्री ने महादेव पार्क में भ्रमण करने वाले लोगों को एकत्रित कर योगासन, प्राणायाम, ध्यान कराया तथा शारीरिक व मानसिक रोगों को ठीक करने हेतु नियमित योगाभ्यास करने की सलाह दी।

### युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने राजन बोडला



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव राजन बोडला को बनाया गया है। राजन बोड़ला ने इसके लिए कांग्रेस पार्टी व वरिष्ठ नेताओं दीपेंद्र हुड्डा, दिव्यांशु बुद्धिराजा और पूर्व मंत्री व थानेसर के विधायक अशोक कुमार अरोड़ा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता की समस्याओं का सदैव निराकरण करते रहेंगे।

### स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन ने संस्थाओं के सदस्यों के साथ की बैठक

# शहर स्वच्छ रखने में संस्थाओं का अहम रोल : सुभाष चंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में शहर की विभिन्न संस्थाओं के साथ सफाई के विषय पर मीटिंग की। मीटिंग के दौरान जहां संस्थाओं प्रधान व सदस्यों के द्वारा अपने अनुभव साझा किए वहीं भविष्य में सफाई के विषय में अगली क्या रणनीति होगी इस विषय पर अपनी राय रखी। चेयरमैन सुभाष चंद्र ने भी गणमान्य लोगों से मिले सुझावों को अपनी बुक में नोट किया और उन्हें अन्य क्षेत्रों में भी लागू करने का आश्वासन दिया। स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि मीटिंग में आए लोगों से अनुभव साझा करने को कहा तो बताया कि किस प्रकार से उन्होंने अपने सदस्यों की कूड़े के प्वाइंटों पर ड्यूटी लगाकर वहां कूडा फेकने वालों लोगों को समझाकर कूडे के प्वाइंट को खत्म किया। दुकानदार ने कहा कि यदि उनके पास कोई अपना थैला लेकर आता है तो उनके द्वारा डिस्काउंट दिया जाता है। संस्था के सदस्य ने बताया कि वे जो कैरी बैग में सामान डालकर देते हैं उस पर अपनी दुकान के नाम के साथ-साथ स्वच्छता का भी स्लोगन लिखवाएंगे।

वहीं स्वच्छ भारत मिशन आयोग के सदस्य अवनी गुप्ता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या संस्था भंडारा लगाती है या फिर अन्य कोई सामाजिक कार्य किया जाता है तो उनके पास से सेक्टर 13 से फ्री में स्टील के बर्तन लेकर जा सकता है। इसलिए कोई भी प्लास्टिक या पॉलीथिन का प्रयोग न करें।




#### घर से थैला लाने वालों को देंगे गिफ्ट : दुकानदार

*दुकानदारों ने कहा कि यदि उनके पास भी कोई घर से थैला लेकर आता है तो वे ऐसे ग्राहकों गिफ्ट भी देंगे, इससे पालिथिन का प्रयोग कम हो जाएगा। इसके बाद चंद्र ने सेक्टर 7 स्थित शिव मंदिर में भी एक मीटिंग को संबोधित किया और सफाई का संदेश दिया।*

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर चैयरपर्सन के प्रतिनिधि मलकीत ढांडा, डा. केवल कृष्ण, अशोक शर्मा, गगन कोहली, जगबीर सिंगला, हिमांशु, मोहित कक्कड, एनके मनोचा, बलदेव सैनी, प्रदीप झांम, फतेहचंद गांधी, राजेंद्र पराशर, स्वच्छ भारत मिशन आयोग के सदस्य सुनील वर्मा, वॉह फाउंडेशन से जसबीर कुमार, नगर परिषद से कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार, सचिव अशोक कुमार, एक्सईएन रवि ओबराय, एमई मंगू राम, एमई जयपाल, मुख्य सफाई निरीक्षक जितेंद्र नरवाल, सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, फिल्ड आफिसर अनूप सिंह, आईईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र कुमार भारद्वाज के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मौसम परिवर्तनशील रहने के चलते फसलों का रखें ध्यान : सी.बी. सिंह

- अचानक तापमान में परिवर्तन फलसों और पौधों को पहुंचा सकता है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भीषण गर्मी के बाद हुए मौसम परिवर्तन को देखते हुए किसानों को अपनी फसलों एवं किचन गार्डनिंग में लगे पौधों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह के अनुसार मौसम में बदलाव के कारण फसलों और पौधों को नुकसान पहुंचने की आशंका अधिक रहती है। इस लिए विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अचानक तापमान में परिवर्तन, अधिक बारिश या उमस की स्थिति में पौधों व फसलों को नुकसान हो सकता है। इसलिए सुरक्षा उपाय अपनाकर किसान अपनी फसलों और पौधों को स्वस्थ रख सकते हैं।

#### मौसम की स्थिति के अनुसार करें सिंचाई



कृषि वैज्ञानिक डॉ. सी.बी. सिंह।

डा. सिंह के अनुसार मौसम की स्थिति के अनुसार सिंचाई की व्यवस्था करें। अत्यधिक गर्मी में पौधों को नियमित रूप से पानी दें। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में फफूंद लगने का खतरा बढ़ जाता है। 7-10 दिनों के अंतराल पर पौधों पर जैविक या हल्के रासायनिक फफूंदनाशकों का छिड़काव करें। पौधों को उचित पोषण दें। खरपतवारों को नियमित रूप से हटाएं क्योंकि वे पौधों के विकास में बाधा डालते हैं। पौधों को रोगों और कीटों से बचाने के लिए समय-समय पर निगरानी रखें और आवश्यकतानुसार उपाय करें। किसान नियमित रूप से कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि अधिकारियों से परामर्श करें। डा. सिंह ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए पूवार्नुमानों पर ध्यान दें और उसी के अनुसार अपनी फसलों की देखभाल करें।

### कृषि विभाग की टीम ने भरे फर्टिलाइजर, पेस्टिसाइड व बीज के 107 सैंपल



**कुरुक्षेत्र।** उप कृषि निदेशक कुरुक्षेत्र डा. कर्मचंद के आदेशानुसार विभाग की टीम द्वारा धान की सीजन के शुरूआत में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद की उपलब्धता को लेकर कई डीलरों की दुकान का औचक निरीक्षण किया और विभिन्न कैटेगरी में 107 सैम्पल जांच के लिए भरे गए। टीम सदस्य गुण नियंत्रक निरीक्षक शशीपाल व सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी अनिल चौहान ने कईं डीलरों की दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों, निमार्ताओं के फर्टिलाइजर, पेस्टिसाइड व बीज के सैंपल भरे गए। डा.कर्म चंद ने बताया अभी तक 20 सैम्पल पेस्टीसाईड व 20 सैंपल फर्टिलाइजर के एवं 77 सैम्पल बीज के भरे जा चुके हैं। यह कार्यवाही भविष्य में भी लगातार जारी। आज टीम द्वारा गांव धंतौड़ी व खरींडवा में भी दुकानों से सात सैम्पल लिए गए है। डा. कर्मचंद, उप कृषि निदेशक कुरुक्षेत्र के आदेश अनुसार भविष्य में भी इसी प्रकार से दुकानदारों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। जो जिस भी दुकानदार के रिकॉर्ड मे कमी पाई। किसान की ओर से कोई शिकायत आती है तो उसके खिलाफ तुरंत नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, ताकि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मिल सकें।

## युवा कांग्रेस के जिला प्रधान बने कुलदीप ढिल्लो

- विधायक अशोक अरोड़ा ने नव निर्वाचित जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो हथीरा तथा उनकी टीम को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो तथा उनकी टीम में शामिल नव निर्वाचित ब्लॉक प्रधानों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि यह सभी पदाधिकारी युवा शक्ति को कांग्रेस पार्टी से जोड़कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। अरोड़ा ने कहा कि जो भी युवा कांग्रेस के पदाधिकारी निर्वाचित हुए हैं, वह सभी पार्टी के निष्ठावान सिपाही है और संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्यरत रहते है। अरोड़ा ने सभी नव निर्वाचित प्रधानों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हल्का थानेसर के प्रधान कुलदीप सैनी सुंदरपुर, सेक्टर- 5 निवासी नवनीत नरवाल प्रधान युवा कांग्रेस ब्लॉक मिजार्पुर, अंकुश गर्ग युवा कांग्रेस प्रधान ब्लॉक थानेसर , देवेंद्र बागथला युवा कांग्रेस प्रधान ब्लॉक ज्योतिसर, अंकित बिल्लू निवासी गांव कंवारखेड़ी युवा कांग्रेस प्रधान ब्लॉक अमीन ने अपने समर्थकों के साथ विधायक अशोक अरोड़ा से मिलकर आशीर्वाद लिया और कहा कि वह सभी विधायक अरोड़ा के मार्गदर्शन में पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता हिमांशु अरोड़ा हन्नी, कांग्रेस नेता सुभाष पाली, पूर्व नगर पार्षद ओम प्रकाश ओपी, पूर्व सरपंच टेकचंद बारना, विवेक भारद्वाज (डब्बू) व सौरभ गर्ग ने भी युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो हथीरा तथा उनकी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह टीम कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी।



**कुरुक्षेत्र।** थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा जिला युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित प्रधान कुलदीप ढिल्लो तथा ब्लॉक प्रधानों को शुभकामनाएं देते हुए।

### पंजाब सहित अन्य राज्यों के उपचुनाव में जीत दर्ज करेगी भाजपा : शिखा राय



**कुरुक्षेत्र।** विधायक शिखा राय का स्वागत करते एडवोकेट सुरेन्द्र टिवाना व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** ग्रेटर कैलाश दिल्ली की विधायक एडवोकेट शिखा राय ने कहा कि पंजाब सहित अन्य सभी राज्यों में जहां विधानसभा के उपचुनाव हो रहे हैं, वहां पर भारजीत जनता पार्टी के प्रत्याक्षी जीत करेंगे। अपने दमदार जनसंपर्क और स्पष्ट विचारों के लिए जानी जाने वाली शिखा राय हाल ही में पंजाब उपचुनाव में प्रचार अभियान के बाद दिल्ली लौटते हुए शाहबाद के गांव लंडी में एडवोकेट सुरेन्द्र टिवाना के निवास स्थान पर पहुँचीं थी। शिखा राय ने कहा हमारा उद्देश्य चुनाव जीतने के साथ-साथ जनता के बीच जाकर उनकी आवाज को विधानसभा तक पहुंचाना है।

## सरकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का काम कर रहे भाजपा कार्यकर्ता : सुधा

- भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा के नेता और कार्यकर्ता बूथ स्तर पर काम कर रहे हैं। यह कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी हैं। इन्हीं कार्यकर्ताओं के कारण सरकार की नीतियों का सीधा फायदा आमजन तक पहुंच रहा है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को सेक्टर-8 भाजपा कार्यालय में जिला कार्यशाला में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिलाध्यक्ष सरदार तिजेंद्र सिंह गोल्डी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, भाजपा वरिष्ठद नेता सुभाष कलसाना, भाजपा नेता रविंद्र सांगवान ने भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश व प्रदेश में भाजपा ने जो कार्य किए हैं, पिछली सरकार के 60 वर्षों के कार्यकाल से ज्यादा हैं। भाजपा ने अंत्योदय की नीति पर काम करते हुए गरीब व कमजोर वर्ग को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने में टिपल इंजन की सरकार तीन गुणा गति से काम कर रही है। प्रदेश में युवा वर्ग के लिए बिना खर्ची बिना पर्ची के सरकारी नौकरियां दी गई हैं।

## कुवि के आईएचएचएस में दाखिले के लिए आए 7 हजार 860 आवेदन

- ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (पूर्व नाम यूनिवर्सिटी कॉलेज) में विभिन्न प्रोग्राम्स में सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 जून 2025 से जारी है। वहीं ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित है। आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि सभी प्रोग्राम्स में दाखिले मेरिट के आधार पर किए जांएगे। उन्होंने बताया कि अभी तक विभिन्न प्रोग्राम्स के लिए कुल 7 हजार 860 आनलाईन आवेदन प्राप्त हुए हैं। बीए की 450 सीटों के लिए 1441 आवेदन, बीसीए की 100 सीटों के लिए 1133 आवेदन, बीकॉम. की 120 सीटों के लिए 904 आवेदन, बीएससी जीव विज्ञान के लिए 474 आवेदन, बीएससी भौतिकी विज्ञान के लिए 365, बीटीटीएम 185, बैचलर ऑफ साइंस इन होम साइंस में 40 सीटों के लिए 99 आवेदन, एमएससी इकोनॉमिक्स के लिए42, एमएससी बायोटेक के लिए 147 आवेदन प्राप्त हुए हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि आनर्स के लिए बीएससी विद मेजर इन कंप्यूटर विज्ञान के लिए 493 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन जूलॉजी के लिए 323 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन इंजीनियरिंग के लिए 262 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन रसायन के लिए 322 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन गणित के लिए 294 आवेदन प्राप्त हुए।

## योग को जीवन में अपनाकर हम रह सकते हैं स्वस्थ : डॉ. गुणतास गिल

### आदेश मेडिकल कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कालेज व अस्पताल में भव्य योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदेश अस्पताल के निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल एवं प्रिंसीपल डा. एन.एस. लांबा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी और युवाओं को योग को जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डा. विक्रांत प्रभाकर की देखरेख में किया गया। जिसका संचालन डा. विजय विवेक, डा. नेहा गौर और डॉ. प्रांजल धीर ने किया। इसमें डा. सुशील दलाल एवं डा. परमाल सैनी का भी विशेष सहयोग रहा। आयुष विभाग अंबाला एवं हरियाणा योग आयोग के सहयोग से कई प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञों और वक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। योगाचार्य पंकज कुमार ने योगासन और प्राणायाम का जीवंत प्रदर्शन किया। योग को लेकर वक्ताओं अंबाला से आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डा. समीधा शर्मा, ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन, डा. वृंदा आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर एवं डा. निधीश कुमार यादव सहित सभी ने योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने इस सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए आयुष विभाग हरियाणा योग आयोग और सभी का आभार प्रकट किया।



**कुरुक्षेत्र।** योग कार्यक्रम की शुरूआत करते एम.डी. डा. गुणतास गिल और प्रिंसीपल डा.एन.एस. लांबा।




### स्वस्थ शरीर के लिए एक संरचित और व्यवस्थित तरीके से योग अभ्यास जरुरी: कंवलजीत कौर

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग प्रोटोकॉल एक संरचित और व्यवस्थित तरीके से योगाभ्यास करने की प्रक्रिया है। इसमें योग आसनों, प्राणायाम, ध्यान और विश्राम तकनीकों का संयोजन होता है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर मंगलवार को ब्रह्मसरोवर के मेडिटेशन हॉल में आयोजित योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने की। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर और सभी आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में 780 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयुष विभाग द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। इसमें स्वास्थ्य संबंधी सभी योगासन कराए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी सहायिका को सम्मानित किया गया। वह उनका हौसला बढ़ाया गया आयुष विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर को पौधा देकर सम्मानित किया गया। वह उनका स्वागत किया गया।



**लाडवा।** गांव बूढ़ा में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से शिवर में सेवाएं देते हुए।

### नवीन संकल्प शिविरों का 79 लोगों ने लिया लाभ

**लाडवा।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज लाडवा हल्के के गांव बणी और बुढा में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि इन नवीन संकल्प शिविरों में मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं साथ ही लोगों को पैंशन और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि आज मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 54 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई व 16 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए साथ ही 9 लोगों को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 19 में से 18 छात्रों ने किया नीट क्वालिफाई

**कुरुक्षेत्र।** एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा हरियाणा के नंबर वन विद्यालय के खिताब से नवाजा गया गुरुकुल कुरुक्षेत्र आज पूरे विश्वभर पटल पर छाया हुआ है। इसका श्रेय जहाँ आचार्य देवव्रत जी के कठिन परिश्रम और दूरदर्शी सोच को जाता हैं, वहीं गुरुकुल में छात्रों को उपलब्ध सुविधाएं और पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु मिलने वाला मार्गदर्शन की भी अहम भूमिका रही है। हाल ही में नीट - 2025 के रिजल्ट में गुरुकुल के 18 छात्रों ने सफलता हासिल की है जिससे गुरुकुल में तो जश्न का माहौल है ही साथ ही छात्रों के अभिभावक भी खुशी से झूम रहे हैं। अभिभावकों ने बच्चों की सफलता का पूरा श्रेय राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी के ओजस्वी मार्गदर्शन और गुरुकुल प्रबंधन को दिया है।

### रोगियों के लिए नई उम्मीद बना श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय

# 13 साल से एनीमिया से जूझ रहा रोगी स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली ने एक बार फिर खुद को कारगर साबित किया है। 13 वर्षों से ऑटोइम्यून हेमोलीटिक एनीमिया से जूझ रहे नजफगढ़ निवासी एक रोगी को अब न तो खून चढ़वाने की जरूरत पड़ रही है और न ही वह पुरानी थकान,कमजोरी या सांस फूलने जैसी समस्याओं से परेशान हैं। हालात ऐसे बन गए थे कि रोगी को एक समय में 4-4 यूनिट रक्त की चढ़वानी पड़ती थी। बावजूद इसके शरीर में बार-बार खून की कमी होना, बुखार,पीलिया, कमजोरी और सांस फूलना जैसी कई तरह की दिक्कते रहना आम बात थी। कई जगह भटकने के बाद रोगी कुरुक्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के पंचकर्म विभाग में प्रो.राजा सिंगला के पास अपना ईलाज कराने पहुंचा। यहां डॉ.सिंगला ने मरीज के खून की जांच करा बीमारी की नब्ज को पकड़ा और फिर आयुर्वेदिक औषधियों से उपचार करके रोगी को स्वस्थ किया।



#### स्प्लीन सर्जरी टली, मरीज पूरी तरह स्वस्थ

दिल्ली के नजफगढ़ निवासी रविंद्र सिंह (43) पिछले 13 वर्षों से गंभीर एनीमिया से ग्रस्त थे। हालात इतने बिगड़ गए थे कि उन्हें हर साल अस्पताल में भर्ती होकर 4 यूनिट तक खून चढ़वाना पड़ता था,फिर भी हीमोग्लोबिन का स्तर कभी 8 ग्राम/डीएल से ऊपर नहीं गया। डॉक्टरों ने उन्हें जीवनभर दवा लेने और तिल्ली (स्प्लीन) हटाने की सलाह दी थी। जिससे वे मानसिक रूप से टूट चुके थे। रविंद्र के अनुसार,साल 2012 में पहली बार सांस फूलने लगी। जब जांच कराई तो शरीर में सिर्फ 4 ग्राम/डीएल रक्त पाया गया। तब से लेकर 13 साल तक अस्पताल और दवाइयों के चक्कर चलते रहे। आशा की एक किरण तब जगी जब सोनीपत निवासी उसके मामा जो स्वयं भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ति थे,श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रो.राजा सिंगला से उपचार कराकर स्वस्थ हुए। उनकी सलाह पर रविंद्र फरवरी 2024 में डॉ.सिंगला के पास अपना उपचार कराने पहुंचे थे। यहां से आयुर्वेदिक उपचार लेने के बाद उनके शरीर में रक्त की मात्रा 11.7 ग्राम/डीएल तक पहुंच गई है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** थाना बराड़ा में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी लखविंद्र को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी गौरव उर्फ बब्बू ने रिमांड के दौरान बताया था कि मोटरसाइकिल चोरी करने में लखविंद्र भी शामिल है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी गौरव उर्फ बब्बू चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव सीवनमाजरा से बराड़ा की तरफ आ रहा है। सीवन माजरा रोड पर नजदीक पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था।

### लोक अदालत 12 जुलाई को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, बिजली, पानी और पेंशन मामलों का निपटारा होगा।

### योग का अभ्यास किया गया

**अंबाला।** जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा की अध्यक्षता में सुभाष पार्क में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया गया । इस प्रोग्राम में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आयुष विभाग से आए हुए पंकज, शारदा, रेखा वर्मा, रितिका, रिया चौहान को पौधा देकर स्वागत किया गया। इस योग दिवस अवसर पर 3 से 6 साल के बच्चे, किशोरियां, गर्भवती महिला महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर और आंगनवाडी वर्कर व हेल्पर सहित लगभग 350 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।

### बंदियों की सेहत की जांच की

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन कंचन माही व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव प्राधिकरण प्रवीण के मार्गदर्शन में सेंट्रल जेल में हेल्थचेक अप कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सामान्य अस्पताल की ओर से 9 सदस्य डॉक्टर की टीम नियुक्त की गई।

### महिला कर्मी से छेड़छाड़ होटल मालिक पर केस

**अंबाला।** पुलिस ने आम्रपाली रिजॉर्ट के मालिक रोहित जैन के खिलाफ महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। हालांकि होटल मालिक ने इन आरोपों को गलत बताया था। उसने कहा कि महिला काम ठीक से नहीं करती थी फिर भी पूरी तनख्वाह मांग रही थी। महिला ने पुलिस को दी शिकायत दी थी कि होटल मालिक अक्सर उससे अश्लील बातें करता था। कई बार उसे टच करने की भी कोशिश की। होटल मालिक ने बताया कि उसने किसी से छेड़छाड़ नहीं की है। अक्सर महिला की तबीयत खराब रहती थी। वह होटल से छुट्टी ले लिया करती थी।

# 2 करोड़ से बनेगी मॉडल टाउन की मुख्य सड़क, लंबे समय से निर्माण लटका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

▪ पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि ने किया शुभारंभ

अंबाला शहर की सब्जी मंडी के साथ लगती सड़क के अच्छे दिन आ गए हैं। यहां के लोगों की मांग और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयास रंग लाए हैं। इस सड़क का निर्माण अब शुरू हो गया है। मंगलवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण शुरू करवाया। बता दें कि लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क और नाले का निर्माण मंगलवार को शुरू करवाया गया। सब्जी मंडी के साथ लगती इस सड़क के निर्माण से न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि सब्जी मंडी आने जाने वाले हजारों लोगों को लाभ होगा। सड़क के निर्माण को लेकर लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रितेश गोयल ने बताया कि इस सड़क को बनवाने का प्रयास पूर्व मंत्री असीम गोयल काफी समय से कर रहे थे लेकिन कुछ तकनीकी कारणों की वजह से कार्य नहीं हो पा रहा था। लेकिन मंत्रिपद पर रहते हुए असीम गोयल ने इस सड़क के निर्माण को लेकर पुरजोर प्रयास किए तो सड़क निर्माण का बजट पास करवाया गया। वार्ड 10 में लगभग 23 लाख रुपये की लागत से पाईप लाइन डालने व गलियों के रिपेयर का कार्य भी रितेश गोयल ने शुरू करवाया।

## सब्जी मंडी के साथ लगती सड़क के साथ नाले का भी होगा निर्माण

### मॉडल टाउन को मिली करोड़ों की सौगात

इससे पूर्व शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र को लगभग 2 करोड़ रुपये की सौगात मिली । इसके तहत मॉडल टाउन की सर्कुलर रोड़ व अन्य सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत भी पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने मॉडल टाउन वासियों की मौजूदगी में की। इस मौके पर रितेश गोयल ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नायब सैनी के कुशल नेतृत्व व पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला शहर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने जानकारी दी कि मॉडल टाउन की यह मुख्य सड़क जसपाल नर्सिंग होम से लेकर पांच नंबर गेट तक बनाई जाएगी। इजके साथ ही इलाके की अन्य सड़कें भी बनाई जाएगी। गोयल ने बताया कि ये सभी विकास कार्य नायब-असीम की जोड़ द्वारा पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में असीम गोयल के मंत्रिपद पर रहते हुए पास करवाए थे। उस समय आचार संहिता लगने की वजह काम शुरू नहीं हो पाए थे। लेकिन अब अंबाला शहर के चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो लोग चुनाव जीते हैं वो अब कहीं दिखाई नहीं दे रहे। खुले मंच पर आकर बताए कि वो अंबाला शहर के विकास के लिए क्या कर रहे हैं? इस दौरान निगम सदस्य जसबीर सिंह,रूबी सौदा, यतिन बंसल,फकीर चंद विक्रम,मनोनीत सदस्य सुरेश सहोता,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरविंदर मानकपुर,अमन सूद,भाजपा नेता सुंदर ढींगरा,सब्जी मंडी एसोसिएशन प्रधान अमरनाथ,अरविंद सीकरी,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बीनू गर्ग व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।




**अंबाला।** सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाते पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि रितेश गोयल व अन्य।

## विकास कार्यों में हेराफेरी के आरोप, ग्रामीणों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

# उज्जलमाजरी और मस्तपुर के सरपंच सस्पेंड, धुरकड़ा की सरपंच पदमुक्त

कारण बताओ नोटिस में संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए सरपंच, डीसी ने दिए कार्रवाई के आदेश




हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने दो गांवों के सरपंचों को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए हैं। इससे पहले दोनों सरपंचों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। मगर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उधर डीसी ने घुरकड़ा की सरपंच को भी पदमुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (ख) के तहत ग्राम पंचायत उज्जल माजरी के सरपंच रविंद्र कुमार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरपंच के खिलाफ गांव के विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत मिली थी। जांच करने पर आरोप सही पाए गए। इसी आधार पर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसी तरह नियमों की अवहेलना करने पर गांव मस्तपुर के सरपंच बलजिंद्र सिंह को भी सस्पेंड किया गया है।

सरपंच बलजिंद्र सिंह पर नियमों के विपरीत गउचरांद की भूमि से मिट्टी उठवाकर निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का आरोप है। जांच में आरोपी सही पाए गए हैं। इसी आधार पर सरपंच के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीसी ने दोनों सरपंचों को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। साथ ही पंचायत राज एक्ट की धारा 51 (2) के तहत ग्राम पंचायत की किसी भी बैठक में दोनों सरपंचों की हिस्सेदारी पर रोक लगा दी है। दोनों सरपंचों को ग्राम पंचायत की चल अचल संपत्ति के साथ रिकार्ड भी बहुमत रखने वाले पंच को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि गांव उज्जल माजरी के जगपाल सिंह व अन्य ग्रामीणों ने गांव के सरपंच रविंद्र कुमार के खिलाफ नियमों के विपरित गांव में विकास कार्यों में अनियमिता बरते जाने के आरोप लगाए थे। इसी प्रकार गांव मस्तपुर के नंबरदार मंगतराम ने गांव के सरपंच बलजिंद्र सिंह पर नियमों के विपरीत गांव की गउचरांद की भूमि से मिट्टी उठवाकर अपने निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए थे। उसने शिकायत के माध्यम से यह भी आरोप लगाए हैं कि ग्राम पंचायत को इसके तहत काफी वित्तीय हानि पहुंची है। इन दोनों मामलों में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व गठित कमेटी द्वारा जांच की गई व मौका निरीक्षण किया गया। दोनों सरपंचों को इस मामले में अपना पक्ष रखने बारे विभाग द्वारा पत्राचार भी किया गया। पत्राचार करने के बावजूद सरपंच निजी सुनवाई के दौरान कोई भी पुख्ता सबूत पेश नहीं कर पाए। इस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने गांव उज्जल माजरी के सरपंच रविंद्र कुमार व गांव मस्तपुर के सरपंच बलजिंद्र सिंह को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए।

### सरपंच को किया पदमुक्त

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने हरियाणा पंचायती राज हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (3) (ई) के तहत धुरकड़ा की सरपंच मनप्रीत कौर को सरपंच पद के लिए अयोग्य घोषित करते हुए उसे सरपंच पद से पदमुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। इसी नियमावली के उप नियम (6) (आई) के तहत ग्राम पंचायत की जो भी चल अचल संपत्ति, राशि रिकार्ड को बहुमत रखने वाले पंच को सौंपने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि ग्राम पंचायत धुरकडा की सरपंच मनप्रीत कौर को हरियाणा पंचायती राज हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (3)(ई) के तहत 29 नवंबर 2024 को आरोपित किया गया था। उसके खिलाफ गांव के शमशान घाट में एक बहुत पुराना वृक्ष बिना अनुमति व प्रस्ताव के कटवाने के मामले में शिकायत हुई थी। जांच के दौरान शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए गए थे। इसी आधार पर अब डीसी ने सरपंच को पद मुक्त कर दिया है। कार्रवाई के बाद सरपंच किसी भी पंचायती बैठक में हिस्सा नहीं ले पाएगी।

## समाज को संतुलित करने के लिए नारी का जागृत होना बेहद जरूरी

▪ साध्वी अदिति भारती ने श्रद्धालुओं को दूसरे दिन कथा में किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



**अंबाला।** साध्वी अदिति भारती श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए।

अंबाला शहर के रामबाग ग्राउंड में आयोजित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा प्रस्तुत श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में रोज श्रद्धालु भारी संख्या में हिस्सेदारी कर रहे हैं। दूसरे दिन की कथा में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास भागवत भास्कर साध्वी सुश्री अदिति भारती ने महिषासुर वध गाथा का विस्तृत वर्णन किया। भारतीय शास्त्र ग्रंथों की विलक्षणता को उद्घाटित करते हुए साध्वी ने बताया की मां के अवतरण की यह विविध कहानियां अपने भीतर जीवन परिवर्तनीय व समाज को आंदोलित करने वाले विलक्षण रहस्यों को समेटे है।

महिषासुर वध की गाथा का भी गूढ़ विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए साध्वी ने महिषासुर एक पौराणिक पात्र नहीं अपितु समाज मे बढती हिंसा, बढते बलात्कार, देह व्यापार, बढती अश्लीलता और पथभ्रष्ट होते युवा इस सब का मूल कारण मानव अंतस्त मे जोर पकड़ते काम वासना से विक्षिप्त हुए महिषासुर रुपी मन ही है। मां का महिषमर्दिनी स्वरुप इन सब महिषासुरों के लिए चुनौती है। उन्होंने बताया की जब-जब काम से पीड़ित मनुष्य नारी का तिरस्कार करता है। उसे वस्तु के रूप में देखता है, तब-तब समाज असंतुलित हो जाता है। बढ़ते महिला उत्पीड़न के मामलों की ओर इंगित करते हुए साध्वी ने कहा आशुतोष महाराज का कथन है की यदि समाज को संतुलित करना है, तो नारी को अपने वास्तविक शक्ति स्वरुप के प्रति जागृत होना होगा। साथ ही समाज को भी उसकी ओजस्विता को समझना होगा। साध्वी ने बताया की श्री आशुतोष महाराज के नेतृत्व में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान अपने लिंग समानता कार्यक्रम- संतुलन के माध्यम से नारियों को सशक्त, समाज को नारी के अस्तित्व के प्रति जागृत और कन्या भ्रूण हत्या नामक कुरीति को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए निरंतर कार्यरत है। मन के भीतर पनप रहे महिषासुर का सूत्र समझाते हुए साध्वी ने सतगुरु प्रदत्त ब्रह्मज्ञान की अनिवार्यता को रखा और कह की शांतमय विश्व की स्थापना हेतु सकारात्मकता को संगठित होना होगा।

# हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के विकास के लिए मेट्रो रेल जरूरी

▪ मंत्री अनिल विज बोले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात के बाद मिला पॉजिटिव रिस्पांस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



**अंबाला।** मनोहर लाल से मुलाकात करते मंत्री अनिल विज। फाइल फोटो

अंबाला-चंडीगढ़ के मध्य मेट्रो ट्रेन चलाने को लेकर ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से पिछले दिनों मुलाकात की थी। इसी मामले को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि चंडीगढ़ केंद्र शासित है जोकि हरियाणा-पंजाब की राजधानी है। यहां कामकाज व व्यापार के लिए रोजाना हरियाणा-पंजाब आते-जाते हैं। मगर चंडीगढ़ जाने के लिए एकमात्र सड़क पर भारी यातायात रहता है। कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। इसलिए हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के विकास के लिए यहां मेट्रो रेल जरूरी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया है। इस मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री से विस्तृत वार्ता हुई है कि किस-किस रुट पर मेट्रो रेल चलेगी। उन्होंने बताया कि यह भी विचार सामने आ रहा है कि मोहाली एयरपोर्ट को भी मेट्रो रुट से जोड़ा जाए। विज ने कहा कि मेट्रो रेल लगाने की नींव डल चुकी है। जिस प्रकार पहले बीज डालना पड़ता है फिर खाद व पानी देना होता है तो पेड़ बड़ा होता है। इसी प्रकार, मेट्रो रेल लगाने के लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री के समक्ष मांग रखते हुए बीज डाल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस में सर्वोच्च सम्मान मिलने पर विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान मिलना देश के 140 करोड़ लोगों के लिए सम्मान की बात है। नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री है जिनको कई देशों में उन देशों के सर्वोच्च सम्मान मिल चुके हैं।

# 114 मामलों में जब्त किए 11.24 करोड़ के नशीले पदार्थ

▪ आईजी ने जब्त नशीले पदार्थों की जांच की, जांच के बाद सभी पदार्थ सीलबंद किए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



**अंबाला।** नशीले पदार्थों की जांच करते आईजी व अन्य पुलिस अधिकारी।

अंबाला रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन मंगलवार को एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए मादक पदार्थों को चेक किया गया। पुलिस लाइन के एमटी सेक्शन में रखे गए इन पदार्थों को जल्द ही डिस्पोज किया जाएगा। जांच के दौरान एसपी अजीत सिंह शेखावत, डीएसपी क्राइम वीरेंद्र कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। जांच

▪ जल्द किए जाएंगे डिस्पोज

कमेटी के चेयरमैन पंकज नैन की देखरेख में सदस्यों द्वारा एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए गए मादक पदार्थ के 114 मामलों को चेक किया। जांच के दौरान सभी मामले दुरूस्त पाए गए। इन मामलों को चेक करने उपरांत कमेटी की निगरानी में सीलबंद किया गया। जल्द ही इन मामलों में जब्त मादक पदार्थों का डिस्पोज किया जाएगा। इन में चूरापोस्त के 18 केसों में 1416 किलो 08 ग्राम, सुल्फा के 2 मामलों में 6 ग्राम 582 मिलिग्राम, चरस के 8 मामलों में 10 किलो 322 ग्राम 740 मिलिग्राम, गांजा के 14 मामलों में 244 किलो 479 ग्राम, हेरोइन के 38 मामलों में 1 किलो 96 ग्राम 500 मिलिग्राम, अफीम के 15 मामलों में 18 किलो 391 ग्राम 562 मिलिग्राम व नशीली दवाओं के 21 मामलों में 3048 गोलियां, 30118 कैप्सूल, 16 इंजेक्शन शामिल है। जब्त किए गए 114 मामलों में जब्त नशीले पदार्थों की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 11 करोड़ 24 लाख 64 हजार 259 रूपये आंकी गई है। इसके बाद आईजी ने ने पुलिस ऑफिसर संस्थान में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की भलाई का ध्यान में रखते हुए सी-स्तरीय कल्याण गोष्ठी में भाग लिया। इस गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र नितिश अग्रवाल, यमुनानगर से उप-पुलिस अधीक्षक कवंल जीत, कुरूक्षेत्र से उप-पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश, अंबाला से उप-पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया व अंबाला मंडल के लगभग 55 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। नैन ने गोष्ठी में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से भलाई के लिए उनके रखे गए सुझावों पर विचार विमर्श करने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निपटान किया जाए। आवश्यक हो तो बी-स्तरीय कल्याण गोष्ठी के लिए उच्चाधिकारियों को समस्याओं के समाधान हेतू पत्र व्यवहार किया जाए। उन्होंने अंबाला रेंज के सभी जिलों में पुलिस सेंट्रल मैस बनवाने के बारे में भी अधिकारियों से विचारविर्मश किया। पुलिस कर्मचारियों के वेलफेयर से जुड़ी सभी लोन, मेडिकल बिल की फाइलों का समय पर निपटारा करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस डीएवी स्कूल में खेल नर्सरी स्थापित करने पर भी जोर दिया ताकि मिशन 2036 ओलंपिक खेलों में मेडल प्राप्त किए जा सके।

# ऑपरेशन में लापरवाही से 17 साल के किशोर की मौत

▪ परिजनों ने केडी अस्पताल के संचालकों के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत, पुलिस ने दर्ज की डीडीआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

एक निजी अस्पताल में 17 साल के किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। बेटे की मौत से बिफरे परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिवार ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने कहा कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही की वजह से उनके बेटे की जान चली गई। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने पीड़ित परिवार को शांत करवाया और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिवार के लोगों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ शिकायत दी है। घटना अंबाला छावनी के महेश नगर स्थित केडी अस्पताल की है। सोमवार रात अस्पताल में कोहनी के ऑपरेशन के दौरान पटियाला के गांव घग्गर के 17 वर्षीय साहिब सिंह की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर व अन्य स्टाफ पर उनके बेटे को गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। करीब दो घंटे के बाद मामले को शांत करवाया। इस बीच पुलिस ने डॉक्टर व अन्य स्टाफ को सुरक्षित निकाला।

## वेतन नहीं मिलने पर जताया रोष, ठेकेदार और चेयरमैन पर लगाए गंभीर आरोप

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से चरमराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार से कार्य का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल का कारण एक माह से वेतन न मिलना बताया गया है। अब स्थिति यह बन गई है कि दो माह का वेतन लंबित हो चला है। कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।करीब 50 सफाई कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल हैं, जिससे क़स्बा की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। सड़कों और गलियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने लगे हैं। दुर्गंध के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कई वार्डों में गंदगी से हालात बिगड़ते जा रहे हैं।




**बराड़ा।** कर्मचारी नारेबाज़ी करते हुए।

### घर का गुज़ारा हुआ मुश्किल

कर्मचारी संघ प्रधान वेद प्रकाश और उपप्रधान जसमीत कुमार ने बताया कि वेतन समय पर न मिलने के कारण उन्हें अपने परिवार का गुजारा चलाना भी मुश्किल हो गया है।कर्मचारियों को अभी तक मई माह का वेतन नहीं मिला है और अब जून का महीना भी आधा निकल चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार और नगरपालिका चेयरमैन कर्मचारियों को जानबूझकर परेशान कर रहे हैं।

मांगों को नजरअंदाज कर रहे हैं।संघ नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें लंबित वेतन नहीं मिलता, तब तक वे कोई भी सफाई कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो विरोध प्रदर्शन को और उग्र रूप दिया जाएगा।इस बीच नगरपालिका प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है जिससे कर्मचारियों और नागरिकों दोनों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कर्मचारियों की मांगों पर कितनी गंभीरता से विचार करता है और सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए क्या कदम उठाता है। यहां के नागरिक निर्मल सिंह, कविता, सुखविंदर सिंह, दलजीत कौर, आशा, गीता ने भी नगरपालिका प्रशासन से सफाई कर्मचारियों की समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की है। उनका का कहना है कि पहले ही बरसात का मौसम शुरू हो गया है और गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा और बढ़ सकता है। नगरपालिका को तत्काल हस्तक्षेप कर सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाना चाहिए।

### रुका हुआ वेतन शीघ्र जारी करने के दिए निर्देश

*नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने की शिकायत उनके पास आई थी। सफाई कर्मचारियों के रुके हुए वेतन को शीघ्र जारी करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। ठेकेदार को भी सफाई कर्मचारियों को शीघ्र अतिशीघ्र भुगतान करने के लिए कदम उठाना चाहिए ताकि क़स्बा में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।*

***-रजत मलिक, चेयरमैन, नगर पालिका***